>

Title: Need to expedite the construction of National Highways and improve the quality of work.

श्री शैलेन्द्र कुमार (चायल): अध्यक्ष महोदय, मैं आपका आभारी हूं कि आपने मुझे मौका दिया। मेरे पूरे संसदीय क्षेत्र में नेशनल हाइवे है और वह फोर लेन का बना हुआ है। उसकी गुणवत्ता इतनी खराब है कि अभी से ही जगह-जगह सड़कें टूटनी शुरू हो गई हैं।

दूसरी बात यह है कि इलाहाबाद शहर से करीब 40 किलोमीटर पहले डाइवर्शन हुआ है, गंगा नदी पर नए पुल का निर्माण हो रहा है। उसके बनने की समय सीमा निर्धारित की गई थी, लेकिन उसके बावजूद कार्य बहुत धीमी गति से चल रहा है। वहां आए दिन दुर्घटनाएं होती रहती हैं। वर्ष में करीब हजार लोग दुर्घटनाग्रस्त होकर मौत का शिकार हुए हैं। मैं आपके माध्यम से केन्द्रीय भूतल एवं परिवहन मंत्री जी से आग्रह करना चाहूंगा कि वहां पर जो कार्य गुणवत्ता के आधार पर खराब हो रहा है, उसे ठीक किया जाए और निर्माण कार्य तेजी से कराया जाए। इसके साथ ही गंगा नदी पर जो नया पुल बनने जा रहा है, यह जी.टी. रोड है, जो वाराणसी को जोड़ेगा, उसका निर्माण कार्य भी तत्काल कराया जाए, ताकि दुर्घटनाओं से निजात पाई जा सके। इलाहाबाद शहर का कोखराज से जो डाइवर्शन हो रहा है, उसका भी नेशनल हाइवे के तहत कार्य कराया जाए।